(1)

326

पत्रांक-जी0एस0टी0/ 2023-24/ /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0 ।

(जी0एस0टी0 अनुभाग)

लखनऊ : दिनांक- 01 अगस्त, 2023

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1,

राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

दिनांक-28-07-2023 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 महोदय द्वारा राज्य कर विभाग, उ0प्र0 की समीक्षा की गयी । उक्त समीक्षा के दौरान मा0 मुख्यमंत्री द्वारा निम्न प्रमुख निर्देश दिये गये-

1. विशेष रुप से कैम्प का आयोजन कर व्यापारियों को रिटर्न भरे जाने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाये तथा रिटर्न न भरने वाले व्यापारियों को रिटर्न दाखिले हेतु Motivate किया जाये । इसके साथ ही व्यापारियों को शून्य खरीद-बिक्री की दशा में SMS द्वारा रिटर्न दाखिले की सुविधा के विषय में अवगत कराया जाये ।
2. व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना में सहायता प्राप्त परिवारों को वितरण व्यापार मंडल के सहयोग से सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए किये जायें ।
3. राजस्व संग्रह वृद्धि हेतु राजस्व के नये क्षेत्रों की पहचान करते हुए निरन्तर नवाचारों (Innovations) को क्रियान्वित किया जाये ।
4. वर्तमान वित्तीय वर्ष में संग्रह लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हरसंभव प्रयास किये जायें ।
5. फील्ड स्तर पर संयुक्त आयुक्त एवं अपर आयुक्त ग्रेड-1 द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के नियत कार्यों की नियमित समीक्षा की जाये ।

फील्ड स्तर पर उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये तथा इस संबंध में कृत कार्यों की प्रगति से मुख्यालय को भी अवगत कराया जाये ।

1/8/23

(मिनिस्ती एस0)

आयुक्त, राज्य कर,

उत्तर प्रदेश ।

02/08/23

D.C.(I.T.)

01/08/023

1593